आकाशवाणी चंडीगढ़

26 अप्रैल 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 51,000 से अधिक युवा उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- श्री मोदी ने कहा कि देश के युवा अपनी मेहनत और नवाचार से देश में मौजूद संभावनाओं को दुनिया भर में दिखा रहे हैं।
- हरियाणा में फरीदाबाद और पंचकूला में रोज़गार मेलों का आयोजन किया गया।
- केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा है कि केंद्र सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर राष्ट्रीय निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- केंद्रीय संसदीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने पंचकूला में 56 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।
- आकाशवाणी ने इंडिया ऑडियो समिट एंड अवार्ड्स 2025 में विभिन्न श्रेणियों में छह पुरस्कार जीते।

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 51,000 से अधिक युवा उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि देश के युवा अपनी मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी संभावनाएं हैं।

*आप का दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है। आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रेक्चर निर्माण का है। आपका दायित्व श्रमिकों की जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है। अपने कार्यों को आप जितनी ईमानदारी से पूरा करें उसका उतना ही सकारात्मक प्रभाव विकसित भारत की यात्रा में नजर आयेगा।*

प्रधानमंत्री ने मुंबई में आयोजित होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 के बारे में भी कहा कि इस आयोजन के केंद्र में भी देश के युवा हैं।

*कुछ ही दिन बाद मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट यानी वेव्स 2025 का आयोजन होने जा रहा है। मीडिया, गेमिंग और एंटरटेनमेंट फील्ड के इनोवेटर्स के लिए यह प्रतिभा दिखाने का अभूतपूर्व अवसर है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म होगा जहां एंटरटेनमेंट से जुड़े स्टार्टअप्स को इन्वेस्टर्स और इंडस्ट्रियल लीडर से जुड़ने का मौका मिलेगा।*

-

श्री मोदी ने कहा कि देश की महिलाएं नौकरशाही, अंतरिक्ष और विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही हैं।

*आज भारत के युवाओं की सफलता में सबसे सराहनीय बात है उसकी इनक्लूजीवीटी भारत आज जो कीर्तिमान गढ रहा है। उसमें हर वर्ग की भागीदारी बड रही है। अभी कुछ ही दिन पहले यूपीएससी का रिजल्ट आया है। उसमें भी टॉप टू पोजिशन बेटियों ने हासिल की है। टॉप-5 में 3 टॉपर बेटियां हैं।*

रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला आज देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया।

*************************************************************************

हरियाणा में भी आज फरीदाबाद और पंचकूला में रोजगार मेलों का आयोजन किया गया ।

फरीदाबाद में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी में आयोजित रोजगार मेले की अध्यक्षता केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर ने की।रोजगार मेले में श्री गुर्जर ने विभिन्न मंत्रालयों और सार्वजनिक उपक्रमों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।नियुक्ति पत्र पाने वालों को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री गुर्जर ने कहा -

उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता दिखाएं और देश के भविष्य को उज्जवल बनाएं।

*****************************************************************

पंचकूला में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय संसदीय मंत्री अर्जुन मेघवाल मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 56 युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने पहलगाम में हुए हमले में जान गंवाने वालों को नमन करने  के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि  सभी चयनित उम्मीदवारों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही रोजगार मिला
है।  केंद्रीय मंत्री ने कहा -

पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए श्री अर्जुन मेघवाल ने पहलगाम हमले पर कहा कि आतंकवाद का सफाया होना चाहिए।उन्होंने  कहा कि सिंधु जल समझौते का जो करार हुआ था उसे स्थगित किया गया है। रक्त और पानी दोनों साथ साथ नहीं बह सकते हैं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा और कालका विधानसभा से विधायक शक्ति रानी शर्मा भी मौजूद रही।

***************************************************************************
केन्द्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल ने कहा है कि सरकार देश में गायों की संख्या ब□ाने के लिए कृत्रिम गर्भाधान को ब□ावा दे रही है ताकि दुग्ध आधारित उत्पाद की मांग पूरी हो सके। उन्होंने कहा कि भारत दुग्ध क्षेत्र में शीर्ष स्थान रखता है। आज विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। यह दिवस अप्रैल महीने के अंतिम शनिवार को प्रति वर्ष मनाया जाता है।
*************************************************************************

आकाशवाणी ने इंडिया ऑडियो समिट एंड अवार्ड्स 2025 में विभिन्न श्रेणियों में कुल छह पुरस्कार जीते हैं। रेडियो और श्रव्य कार्यक्रम निर्माण में उत्कृष्टता को मान्यता देने वाले पुरस्कार समारोह का कल रात मुंबई में आयोजन किया गया।आकाशवाणी को मिले शीर्ष पुरस्कारों में, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के कार्यक्रम 'नई सोच नई कहानी- अ रेडियो जर्नी विद स्मृति ईरानी' को रेडियो का सीरीज़ ऑफ द ईयर घोषित किया गया। 13 एपिसोड की इस श्रृंखला में विशेष रूप से महिलाओं के धैर्य और दृढ़ संकल्प की कहानियां दोहरायी गईं हैं। इस श्रृंखला का समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ एक विशेष साक्षात्कार के साथ हुआ। इसे पिछले साल राष्ट्रपति भवन में रिकॉर्ड किया गया था।

समाचार सेवा प्रभाग के लोकप्रिय साप्ताहिक फोन-इन कार्यक्रम पब्लिक स्पीक को स्वास्थ्य और फिटनेस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ऑडियो कार्यक्रम के रूप में मान्यता दी गई। सर्वश्रेष्ठ लेट नाईट शो श्रेणी में छायागीत को पुरस्कृत किया गया है। 'उजाले उनकी यादों के' को बेस्ट सेलेब्रिटी शो ऑन एयर का खिताब मिला और 'सफरकास्ट' को बेस्ट ट्रैवल शो का पुरस्कार मिला।आकाशवाणी ने शॉर्ट-फॉर्म ऑडियो कंटेंट में अपनी रचनात्मक उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ अंतरालीय पुरस्कार भी जीता। आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौर इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहीं। डॉ. गौर ने ऑडियो उद्योग में क्रांति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लोकसेवा प्रसारक के रूप में आकाशवाणी जन हित को बनाए रखते हुए उन्हें 'सूचित, शिक्षित और मनोरंजन' करने के मिशन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि आकाशवाणी विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है और एक प्रकाश स्तंभ की तरह काम करता है।